नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# दतिया में उलटफेर

## नरोत्तम की जगह आशुतोष



**ग्वालियर, 10 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में आशुतोष तिवारी को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है. वे एमपी हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन रह चुके हैं, संघ से जुड़े हैं. इससे पहले पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम प्रमुखता से चल रहा था और उन्होंने स्वयं भी नामांकन फॉर्म खरीदा था.**

दतिया में चुनाव सरगर्मियों के बीच अब तक कुल 9 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदे हैं. दतिया उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र 13 जुलाई तक भरे जा सकेंगे. जहाँ बीजेपी से आशुतोष तिवारी को मैदान में उतारा गया है वहीं नरोत्तम मिश्रा द्वारा फॉर्म लेने से पहले तक उनका टिकट लगभग तय माना जा रहा था. दूसरी ओर कांग्रेस से अवधेश नायक, घनश्याम सिंह और अन्य नेता भी दौड़ में हैं। उपचुनाव के लिए वोटिंग 30 जुलाई को होगी और मतगणना 3 अगस्त को की जाएगी.

आशुतोष तिवारी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का करीबी बताया जा रहा है. पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटना बेहद अप्रत्याशित है. डॉ मिश्रा दतिया सीट पर पूरी तरह सक्रिय थे.

## राजेन्द्र भारती को राहत नहीं



**नई दिल्ली/दतिया, 10 जुलाई. दतिया के पूर्व कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है. इसके साथ ही उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त किए जाने का फैसला बरकरार रहने का रास्ता साफ हो गया है और दतिया विधानसभा उपचुनाव पर लगी कानूनी अनिश्चितता भी खत्म हो गई है.**

गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2026 को दिल्ली की विशेष अदालत ने वर्ष 1998 के दतिया सहकारी ग्रामीण विकास बैंक एफडी धोखाधड़ी मामले में राजेंद्र भारती को भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (आपराधिक साजिश), 420 (धोखाधड़ी) तथा जालसाजी से संबंधित धाराओं में दोषी ठहराया था. इसके बाद 2 अप्रैल 2026 को अदालत ने उन्हें तीन वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी. मामला दतिया सहकारी ग्रामीण विकास बैंक की एक एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) में कथित हेराफेरी से जुड़ा था. आरोप था कि बैंक रिकॉर्ड में फेरबदल कर एफडी की अवधि बढ़ाई गई और उस आधार पर ब्याज राशि प्राप्त की गई. उस समय राजेंद्र भारती बैंक के संचालक मंडल के अध्यक्ष और संबंधित संस्थान के ट्रस्टी थे.

# एंटी इंकमबेंसी का खतरा इसलिए बदला चेहरा

**हरीश दुबे**

**दतिया विधानसभा सीट पर भाजपा ने अपना चेहरा बदलने का फैसला अचानक ही नहीं लिया है. उपचुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा की एक केंद्रीय सर्वे टीम ने दतिया विधानसभा क्षेत्र में गुप्त रूप से व्यापक सर्वे किया था.**


> एक ओर प्रत्याशी की आधिकारिक घोषणा से पहले ही अपनी उम्मीदवारी को पक्का मानकर नरोत्तम धुंआधार प्रचार अभियान में जुटे हुए थे. अपनी राह आसान बनाने के लिए कांग्रेस में सेंध लगाकर उसके कार्यकर्ताओं को भगवा में रंग रहे थे, उधर दिल्ली और भोपाल की सत्ता वीथिकाओं में दतिया से संभावित प्रत्याशी के नाम पर गहन विचार मंथन चल रहा था. देश में अन्य जगह हो रहे उपचुनाव के लिए भाजपा ने जब अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया लेकिन दतिया को रोक कर रखा तो राजनीति के जानकारों को शुबहा हुआ था. दतिया के मामले में कुछ अप्रत्याशित निर्णय होने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं.

इस सर्वे में यह निष्कर्ष उभर कर सामने आया था कि यदि पार्टी लगातार पांचवी बार अपने कद्दावर नेता को इस हाईप्रोफाइल बन चुकी सीट पर चुनाव मैदान में उतारती है तो पार्टी को पिछली बार की ही तरह एंटी इंकमबेंसी का सामना करना पड़ सकता है. दतिया उपचुनाव में अपने चेहरे का ऐलान करने में भाजपा ने कोई जल्दबाजी नहीं बरती.

दिल्ली उच्च न्यायालय में निवर्तमान विधायक राजेन्द्र भारती की आज शाम याचिका खारिज होने तक इंतजार किया, ताकि पार्टी के प्रत्याशी को भविष्य में किसी न्यायिक अवरोध का सामना न करना पड़े.


( शेष पेज 2 पर )

# पहली बार सार्वजनिक मंच पर दिख सकते हैं ईरान के नए सुप्रीम लीडर



**तेहरान 10 जुलाई. ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, वे कोम शहर स्थित हजरत मासूमेह दरगाह में आयोजित अपने पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की शोकसभा की अगुवाई कर सकते हैं।**

यदि ऐसा होता है तो नए सुप्रीम लीडर बनने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को मशहद स्थित इमाम रजा के रौजे में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम संस्कार के बाद शनिवार को कोम में शोकसभा का आयोजन किया गया है.



# इस पल का चार दशक तक किया इंतजार : पीएम मोदी

**40 वर्षों में किसी भारतीय पीएम की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा**

**वेलिंगटन, 10 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेलबर्न से तीन देशों के दौरे के आखिरी चरण में शुक्रवार को न्यूजीलैंड पहुंचे. पीएम मोदी ने वहां रह रहे भारतीयों के प्यार, अपनापन और भारत से उनके अटूट जुड़ाव की दिल से सराहना की.**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट किया, न्यूजीलैंड में रहने वाले भारतीय समुदाय का प्यार और अपनापन मेरे दिल को छू गया. उन्होंने एक भारतीय प्रधानमंत्री के दौरे का चार दशक तक इंतजार किया है, और आज उनका उत्साह और गर्मजोशी साफ दिखाई दी. भारत के साथ उनका रिश्ता आज भी उतना ही मजबूत और अटूट है. इससे पहले, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गले लगाकर स्वागत किया. इस दौरान न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त मुआनपुई सैयावी समेत न्यूजीलैंड के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा को जल्द मिलेगी पहली हाइड्रोजन ट्रेन




**नई दिल्ली 10 जुलाई. हरियाणा में जींद से सोनीपत के बीच जल्द ही हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन जल्द शुरू होगा. रेल मंत्रालय ने उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के अंतर्गत आने वाले इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेन संख्या 74010/74009 की सेवा शुरू करने की मंजूरी प्रदान कर दी है.**

रेलवे के अनुसार जींद-सोनीपीत-जींद ट्रेन जींद शहर, पांडु पिंडारा, ललित खेड़ा, भंबेवा, ईशापुर खीरी, बुटाना, खंदराई, गोहाना, राभड़ा, लाठ, मोहना हरियाणा, बड़वासनी स्टेशनों पर रुकेगी.



रेलवे ने कहा है कि जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली इस हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी. रेलवे के अनुसार अगर आवश्यता पड़ी, तो विशेष सेवा के तौर पर इसका उद्घाटन किया जाएगा, जो बाद में अपनी नियमित लिंक सेवा से जुड़ जाएगी.

# यह केवल सड़क नहीं समृद्धि का रास्ता है : डॉ . यादव

- **मुख्यमंत्री ने उज्जैन जावरा ग्रीन फील्ड की रखी नींव**
- **आईटीआई कॉलेज व चंबल पर बांध की भी घोषणा**

**नवभारत न्यूज़**

**उज्जैन 10 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को नागदा में 5017 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 98.73 किलोमीटर लंबे उज्जैन-जावरा फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उज्जैन जावरा ग्रीनफील्ड नहीं है बल्कि समृद्धि का रास्ता है । इससे महाकुंभ 2028 में आने वाले यात्रियों श्रद्धालुओं के साथ ही किसानों व्यापारियों को भी बड़ा लाभ होगा. नागदा के लिए केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ करने के साथ नवीन आईटीआई कॉलेज, चंबल नदी पर बांध निर्माण, मटर मंडी के लिए शासकीय भूमि आवंटन और निजी फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कराने की घोषणा भी सीएम ने की।



